भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 275

दिनांक 05 दिसम्बर, 2023

आईसीएआर के अनुसंधान केन्द्रों की रैंकिंग

275. श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा:

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न अनुसंधान केन्द्रों को कृषि उत्पादन में वृद्धि करके प्रत्यक्ष परिणामों द्वारा कृषि क्षेत्र के अनुसंधान में क्रांति लाने जैसे कार्यगत मानदण्डों के आधार पर रैंकिंग प्रदान करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न अनुसंधान केन्द्रों की भूमि के सीमा क्षेत्र के सीमांकन और उससे अतिक्रमण हटाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि और किसान कल्याण मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के अनुसंधान संस्थानों की रैंकिंग संस्थानों द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के आधार पर की गयी थी, जहां भिन्न-भिन्न वैटेज अंक (मार्क) रखे गए जैसे (i) संस्थान की प्रोफाइल (5 अंक), (ii) संस्थान का कार्य निष्पादन (30 अंक), (iii) संकाय को मान्यता एवं अवार्ड (10 अंक), (iv) अनुसंधान निष्कर्ष (38 अंक), (v) अनुसंधान का प्रभाव (12 अंक) तथा (vi) संस्थान का दृष्टिकोण (विज़न) एवं भविष्य की तैयारी (5 अंक) ।

(ख) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों द्वारा प्रस्तुत किए गए भू-अभिलेखों के अनुसार भूमि रिकार्ड/दस्तावेजों और इनके प्रत्यक्ष (भौतिक) कब्जे में कोई विसंगति नहीं है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सभी भू-खण्ड/टुकड़े चारदीवारी या बाड़ द्वारा संरक्षित हैं।

******